सत्यमेव जयते

भारत सरकार

Government of India

वित्त मंत्रालय

Ministry of Finance

वित्त मंत्रालय के संबंध में वित्त संबंधी स्थायी समिति (16वीं लोक सभा) की दसवीं रिपोर्ट (2015-16) में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा लोक सभा में दिया जाने वाला वक्तव्य

STATEMENT BY SHRI ARUN JAITLEY, MINISTER OF FINANCE, IN THE LOK SABHA REGARDING THE STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS — 10TH REPORT OF THE STANDING COMMITTEE ON FINANCE (2015-16), (16TH LOK SABHA) RELATING TO THE MINISTRY OF FINANCE

मार्च, 2016

MARCH, 2016

अनुक्रमणिका		INDEX	
क्रम संख्या **विषय-सूची**	**पृष्ठ संख्या**	**Sl No.** **Contents**	**Page No.**
1. श्री अरुण जेटली, वित्त मंत्री द्वारा वक्तव्य	i-ii	1. Statement by Shri Arun Jaitley, Minister of Finance	i-ii
2. अनुबंध - दिनांक 24 अप्रैल, 2015 को लोक सभा में रखी गई/राज्य सभा में प्रस्तुत वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य, वित्तीय सेवाएं, व्यय और विनिवेश विभाग) की **2015-16 की अनुदान मांगों के बारे में वित्त संबंधी स्थायी समिति की दसवीं रिपोर्ट** में सन्निहित सिफारिशों/ टिप्पणियों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट।	1-23	2. Annexure- Action Taken Report on the Recommendations/Observations contained in the **10th Report of the Standing Committee on Finance on Demands for Grants 2015-16** of the Ministry of Finance (Departments of Economic Affairs, Financial Services, Expenditure and Disinvestment) presented to the Lok Sabha/laid in the Rajya Sabha on 24th April, 2015.	25-56

आर्थिक कार्य, वित्तीय सेवाएं, व्यय और विनिवेश विभागों संबंधी अनुदान मांगों (2015-16) के संबंध में वित्त संबंधी स्थायी समिति (16वीं लोक सभा) की 10वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में माननीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा लोक सभा में दिया जाने वाला वक्तव्य

मैं, लोक सभा बुलेटिन, भाग-II दिनांक 01 सितम्बर, 2004 के जरिए माननीय अध्यक्ष, लोक सभा के निर्देश 73-ए के अनुसरण में आर्थिक कार्य, वित्तीय सेवा, व्यय और विनिवेश विभाग विषयक वित्त संबंधी स्थायी समिति (16वीं लोक सभा) की 10वीं रिपोर्ट में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में बयान देना अपना सौभाग्य मानता हूँ।

वित्त संबंधी स्थायी समिति (16वीं लोक सभा) की **10वीं रिपोर्ट 24 अप्रैल, 2015 को लोक सभा में प्रस्तुत की गई 10वीं रिपोर्ट** अनुदान मांगों (2015-16) की जांच से संबंधित है। इस रिपोर्ट में, समिति ने कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और चौदह (14) सिफारिशें की हैं जिनके संबंध में सरकार की ओर से कार्रवाई की आवश्यकता है। ये सिफारिशें मुख्यतः बजट आवंटन में विसंगति व बजट दस्तावेज का सरलीकरण, नीति आयोग की सिफारिशों पर राज्यों को किये जाने वाले आवंटन, नीति

STATEMENT BY SHRI ARUN JAITLEY, MINISTER OF FINANCE, IN THE LOK SABHA REGARDING THE STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS CONTAINED IN THE 10TH REPORT OF THE STANDING COMMITTEE ON FINANCE (16th LOK SABHA) ON DEMANDS FOR GRANTS (2015-16) RELATING TO THE DEPARTMENTS OF ECONOMIC AFFAIRS, FINANCIAL SERVICES, EXPENDITURE & DISINVESTMENT

I deem it my privilege to make a statement on the status of implementation of recommendations contained in the 10th Report of the Department of Economic Affairs, Financial Services, Expenditure and Disinvestment of the Standing Committee on Finance (16th Lok Sabha) in pursuance of Direction 73-A of the Hon'ble Speaker, Lok Sabha vide Lok Sabha Bulletin, Part II dated 1st September 2004.

The **10th Report** of the Standing Committee on Finance (16th Lok Sabha) was **presented** to Lok Sabha on **24th April, 2015**. The 10th Report relates to examination of Demands for Grants (2015-16). In the Report, the Committee deliberated on various issues and made Fourteen (14) recommendations, where action is called for on the part of the Government. These recommendations mainly pertain to Inconsistency in Budgetary Allocation/Simplification of

आयोग के अधिदेश, राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को धन हस्तांरण, क्षेत्रीय परिषदों को निधि आबंटन, चौदहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट के निहितार्थ, भारत के लोक लेखा में धन हस्तांतरण, फसल ऋण के लिए ब्याज आर्थिक सहायता योजना, किसानों को वित्तीय संरक्षण और सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री जनधन योजना, कर्ज की वसूली तथा लावारिस जमा आदि से जुड़े मामलों से संबंधित हैं।

इस रिपोर्ट में निहित सिफारिशों/टिप्पणियों के संबंध में की गई कार्रवाई के विवरण दिनांक **23 जुलाई, 2015** को वित्त संबंधी स्थायी समिति को भेज दिए गए थे। समिति द्वारा 10वीं रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति **अनुबंध** में दी गई है।

मैं अनुबंध की विषयवस्तु पढ़कर सुनाने में सदन का बहुमूल्य समय नहीं लेना चाहूंगा। मैं अनुरोध करूंगा कि इसे पढ़ा हुआ माना जाए।

Budget Document, Allocations to be made to states on recommendations of NITI Aayog, Mandate of NITI Aayog, Funds transfer to States and Union Territory Government, Fund allocation to Regional Councils, Fourteenth Finance Commission report implications, Transfer of Funds to the Public Accounts of India, Interest subvention schemes for crop loans, Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY), Recovery of Debt and Unclaimed Deposit etc.

Action Taken Statements on the recommendations/observations contained in the Report had been sent to the Standing Committee on Finance on **23rd July, 2015**. Present status of implementation of the recommendations made by the Committee in the 10th Report is indicated in **Annexure**.

I would not like to take the valuable time of the House to read out the contents of the Annexure. I would request that this may be taken as read.

अनुबंध

वित्त मंत्रालय से संबंधित स्थायी वित्त समिति (16वीं लोक सभा) की दसवीं रिपोर्ट में उल्लिखित सिफारिशों/अभ्युक्तियों पर की गई कार्रवाई दर्शाने वाला विवरण।

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
1	2	3	4	5	6
1.	01	वित्त मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2015-16) की जांच के दौरान, समिति ने बजटीय आबंटनों में विसंगतियों के मामले तथा प्रवृत्तियां देखी और बजटीय निधियों के बड़े पैमाने पर कम उपयोग को भी पाया जिन्हें कुछ व्याख्यात्मक उदाहरणों से दर्शाया गया है- (i) परामर्शदाताओं को भुगतान, विधिक सेवा प्रभार, समझौता-ज्ञापन के कारण भुगतान आदि से संबंधित मांग सं.34 (ब्यौरा शीर्ष 09.01.28); (ii) विज्ञापन और प्रचार के संबंध में किए गए व्यय से संबंधित मांग सं. 46 (ब्यौरा शीर्ष 52.01.26); (iii) अन्य सामान्य आर्थिक सेवाओं के संबंध में पूंजीगत परिव्यय से संबंधित मांग सं.34 (मुख्य शीर्ष 5475); (iv) परिणाम बजट (2015-16) में यथा प्रदर्शित वित्तीय सेवाएं विभाग के संबंध में वर्ष 2012-13,2013-14 और 2014-15 की अवधि के दौरान बजट अनुमान की तुलना में वास्तविक व्यय का विश्लेषण; (v) "सरकारी कर्मचारियों को ऋण आदि" से संबंधित मांग सं. 38 (मुख्य शीर्ष 7610) और (vi) ब्याज भुगतानों से संबंधित मांग सं. 36 । समिति अपने पिछले प्रतिवेदनों में अनुदानों की मांगों में ऐसी प्रवृत्तियों पर टिप्पणी करती रही है, जो बजटीय प्रक्रिया में केवल ढील और बजट बनाने में उपलब्ध साधनों/तकनीकों के अनुप्रयोग न किए जाने या अपर्याप्त उपयोग को दर्शाता है। इसके	यह देखा जा सकता है कि अधिकतर बचत बजट के बाद निर्णय/ विनियम दर में घट-बढ़/आर्थिक स्थिति के कारण हुई, जिनकी बजट अनुमान के समय कल्पना नहीं की जा सकती और इसलिए विभाग के नियंत्रण से परे हैं। तथापि, बजट परिपत्र जारी करते समय ऐसी बड़ी बचत/ कम सदुपयोग से बचने के लिए सभी संबंधितों से वास्तविक अनुमान के लिए आवश्यक अनुदेश जारी किए जाते हैं। स्थायी समिति के अवलोकन के आलोक में, बजट दस्तावेजों की समीक्षा करने और उनको तर्कसंगत बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया गया है।	स्वीकृत	

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
		परिणामस्वरूप स्पष्टतः कुछ मामलों में निधियों के कम आबंटन के मुकाबले अधिक आबंटन, आगे के वर्षों के दौरान बजट अनुमान, संशोधित अनुमान और वास्तविक के मध्य व्यापक उतार-चढ़ाव और बड़ी मात्रा में आबंटित निधियों का कम उपयोग जैसी कमियां आई हैं। निसंदेह, पिछले कुछ वर्षों में कुछ सुधार हुए हैं और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने का प्रयास किया गया है। फिर भी, समिति मानती है कि और अधिक प्रयास किए जाने चाहिए ताकि बजट अधिक सुसंगत तथा उद्देश्यपूर्ण बनाया जा सके इस संबंध में, समिति यह भी सुझाव देती है कि बजटीय प्रलेखन को सरल, कम दुष्कर और समझने में आसान बनाया जाए।			
2.	02	समिति के समक्ष साक्ष्य के दौरान यह बताया गया था कि नीति आयोग की सिफारिशों पर राज्यों को किए जाने वाले आवंटन हेतु वर्तमान बजट में 20,000 करोड़ रुपए निश्चित किए गए हैं। बाद में, अपने साक्ष्य-पश्चात उत्तर में वित्त मंत्रालय ने बताया 20,000 करोड़ रुपए का बजट अनुमान मुख्य शीर्ष 3601 (उप-मुख्य शीर्ष 03), अर्थात् राज्यों को विशेष सहायता, के अंतर्गत मांग सं. 37 (पूर्व में मांग सं. 36) में वर्ष 2015-16 में प्रारंभ की गई एक नई बजट लाइन है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महालेखा नियंत्रक के कार्यालय के साथ परामर्श से लघु शीर्ष/उप-शीर्ष/ब्यौरा शीर्ष/ वस्तु शीर्ष प्राप्त करने की प्रक्रिया पहले ही प्रारंभ हो चुकी है। इसके अतिरिक्त, इस राशि को नीति आयोग की सिफारिश के आधार पर संवितरित किया जाएगा। तथापि, समिति बजट में उक्त वर्णित निधियों के प्रस्तुतीकरण और साथ ही साथ उन्हें निश्चित किए जाने के संबंध में मंत्रालय के	विशेष सहायता एक नई बजट लाइन है जो 20,000 करोड़ रु. का बजट प्राक्कलन मांग सं. 37 में वर्ष 2015-16 में शुरू की गई थी जो क्षेत्र विशिष्ट स्कीमों और परियोजनाओं, जिनके लिए चौदहवें वित्त आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद बजट प्रावधान नहीं किया जाता, से संबंधित बकाया प्रतिबद्ध देयताओं और भिन्न-भिन्न सामाजिक-आर्थिक-भौगोलिक कारकों के कारण आवश्यकताओं के आधार पर राज्यों की आवश्यकता आधारित सहायता के लिए नियत की गई है। अब वर्ष 2016-17 की अनुदान मांगों में, केन्द्रीय योजना स्कीम के लिए विशेष सहायता के तहत यह राशि, पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन के लिए सहायता अनुदान और सहायता अनुदान (सामान्य) के लिए क्रमशः 3601.03.560.01.00.35 और 3601.03.560.01.00.31 के रूप में 15 अंक के कोड के साथ मांग सं. 37- राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के लिए अंतरण में दर्शायी जाएगी। नीति आयोग के परामर्श से, भारत सरकार ने ब. प्रा. 2015-16 में प्रदान की गई विशेष सहायता का आबंटन अनुमोदित किया है जिसमें प्रतिबद्ध बकाया देयताएं और बीआरजीएफ-राज्य घटक (ओडिशा के कालाहांडी-बोलंगीर-कोरापुट जिले, बिहार के लिए विशेष योजना, पश्चिम बंगाल के लिए विशेष योजना, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लिए	स्वीकृत	-

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
		स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है। संसद के समक्ष ऐसे महत्वपूर्ण बजट अनुमान को प्रस्तुत करने/प्रक्षेपित करने के तरीके में अस्पष्टता तथा अपारदर्शिता का तत्व है, विशेष रूप से जब इसे पहली बार किया जा रहा है। अतः समिति यह चाहती है कि सरकार इस मामले पर पुनर्विचार करे और समिति को सूचित करे कि ऐसे आबंटन, यदि कोई हों, वर्ष 2016-17 की अनुदान मांगों में कैसे परिलक्षित होंगे।	बुंदेलखंड पैकेज सहित) उत्तराखंड मध्यम एवं दीर्घावधि पुनर्निर्माण पैकेज 2013 और जम्मू और कश्मीर के लिए पीएमआरपी 2004 एवं बाढ़ पुनर्वास योजना 2014 के लिए 4950 करोड़ रुपए की आवश्यकता आधारित सहायता शामिल है। इसके अतिरिक्त, अनुमोदित सहायता का एक घटक 'संविधान की छठी अनुसूची में सम्मिलित क्षेत्रों के लिए एक बारगी सहायता' हेतु 1000 करोड़ रु. है जिसका ऐसे क्षेत्रों को अन्य क्षेत्रों के बराबर लाने के लिए अनुच्छेद 275 (1) के परन्तुक के तहत सम्मिलित क्षेत्रों के विकास के लिए प्रस्ताव किया गया है जिन्हें 14वें वित्त आयोग के सोच-विचार से अलग रखा गया है। इस प्रकार, वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग की मांग सं. 37 से आबंटन, मुख्यतः प्रतिबद्ध देयताओं और नीति आयोग द्वारा सुझायी गयी विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जाता है।		
3.	03	समिति यह भी समझ पाने में असमर्थ है कि योजना आयोग को प्रतिस्थापित करके नवगठित नीति आयोग की सिफारिशों पर संवितरित की जाने वाली इतनी बड़ी राशि का नियोजन तथा उपयोग किस प्रकार किया जाएगा। समिति यहां यह बताना प्रासंगिक समझती है कि यदि नवगठित नीति आयोग को अद्यपूर्व योजना आयोग की तरह राशि आवंटन का काम ही करना है तो यह स्पष्ट नहीं है कि योजना आयोग को समाप्त क्यों किया गया। अतः समिति राज्यों को संसाधनों के आवंटन और निधियों के ऐसे अंतरण को शासित करने वाले प्राचलों तथा तंत्र के संबंध में भी नीति आयोग के स्पष्ट आदेश के बारे में अवगत होना चाहेगी। यह मुद्दा स्पष्ट रूप से राज्यों को (वित्त आयोग के क्षेत्र से बाहर) बजटीय संसाधनों को अंतरित करने हेतु अपनाई गई नई प्रक्रिया/तंत्र के संबंध में प्रमुख चिंताओं को सामने लाता है, जिन पर आगे के पैराओं में चर्चा और टिप्पणी की जाएगी।	केन्द्र सरकार ने नीति आयोग (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था) स्थापित किया और योजना आयोग समाप्त कर दिया। यह राज्य सरकारों, क्षेत्र विशेषज्ञों और संगत संस्थाओं के साथ-साथ अनेक हितधारकों के साथ गहन परामर्श के बाद किया गया है। नीति आयोग को योजना आयोग का प्रतिस्थापन न माना जाए। नीति आयोग की स्थापना विकास प्रक्रिया में समीक्षात्मक, निर्देशात्मक और रणनीतिक सुझाव प्रदान करने के लिए की गई है। तदनुसार, नीति आयोग को नई भूमिकाएं जैसे राज्यों की सक्रिय सहभागिता के साथ राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं, क्षेत्रों और रणनीतियों की साझा परिकल्पना विकसित करना और अनवरत आधार पर राज्यों के साथ ढांचागत समर्थन पहल और तंत्र के माध्यम से सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करना इसकी कुछ महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। अतः, नीति आयोग की भूमिका केवल आबंटन तक ही सीमित नहीं है बल्कि उसकी नई भूमिका कई मायनों में योजना आयोग से भिन्न है। आबंटन की भूमिका नीति आयोग की अनेक भूमिकाओं में से एक है। तथापि, योजना आयोग की मौजूदगी के दौरान पूर्व प्रावधान के प्रतिकूल विशेष सहायता के तहत 20,000 करोड़ रु. नीति आयोग के परामर्श से प्रतिबद्ध और आवश्यकता आधारित देयताओं को पूरा करने के लिए व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय की मांग सं. 37 में आबंटित किए गए हैं।	स्वीकृत	-

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
			राज्यों की लम्बे समय से यह मांग रही है कि "एक आकार सभी के लिए उपयुक्त" का दृष्टिकोण छोड़ा जाए और केन्द्र द्वारा प्रायोजित विभिन्न स्कीमों के तहत स्कीम आधारित आबंटन प्राप्त करने की बजाय उनकी जरूरतों एवं अपेक्षाओं के अनुसार उनकी योजनाएं तैयार की जाएं। केन्द्र सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने और समाज में अंतर-संबंधी वंचन का समाधान करने के लिए राष्ट्रीय महत्व के और अंतर-राज्यीय स्वरूप के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ही चयनित आधार पर हस्तक्षेप करने के लिए वचनबद्ध है। स्कीमों की संख्या कम करके और अधिकार आधारित स्कीम को वर्तमान रूप में कायम रखते हुए केन्द्र द्वारा प्रायोजित स्कीमों की सहभाजन पद्धति को अंतिम रूप दिया गया है। भारत सरकार ने राज्यों को अपनी-अपनी योजना बनाने के लिए अधिकाधिक स्वतंत्रता प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य को अधिक राजकोषीय गुंजाइश प्रदान करते हुए कर अंतरण को 32% से बढ़ा कर 42% करने की चौदहवें वित्त आयोग की सिफारिश स्वीकार कर ली। राज्यों को अधिक अंतरण के कारण वर्ष 2015-16 में केन्द्र के पास उपलब्ध कम राजकोषीय गुंजाइश को देखते हुए वर्ष 2015-16 ब. प्रा. में राज्य योजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता वर्ष 2014-15 (सं.प्रा.) में 2.56 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले में 1.80 लाख करोड़ रुपए रखी गई है। अतः चौदहवें वित्त आयोग की सिफारिशें प्रगामी रूप से लागू की जाएंगी क्योंकि क्रमिक कर अंतरण में वृद्धि होगी और विवेकाधीन एवं अल्प प्रगतिशील योजना अंतरणों में कमी आएगी। कर अंतरण तंत्र के माध्यम से अधिकांश संसाधनों के हस्तांतरण के साथ, संशोधित अधिदेश के तहत संसाधनों के आबंटन में नीति आयोग की भूमिका कम होगी।		
4	04	वित्त मंत्रालय की मांग सं. 37 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को अंतरण से संबंधित है। वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में बताया कि मंत्रालय इस मांग के अंतर्गत वर्ष 2014-15 तक निधियां जारी कर रहा है, जिसमें योजनागत तथा गैर-योजनागत दोनों श्रेणियों के अंतर्गत निधियां जारी किया जाना शामिल है। योजनागत अनुदानों में ब्लाक अनुदान शामिल है, जिसमें सामान्य केन्द्रीय सहायता	14वें वित्त आयोग ने अपनी रिपोर्ट के पैरा 7.2 में राज्यों के राजस्व एवं व्यय का मूल्यांकन करते समय बताया है कि उन्होंने योजनागत और गैर-योजनागत के बीच कोई भेदभाव किए बगैर विभिन्न सेवाओं से संबंधित राजस्व एवं व्यय के संबंध में समग्र दृष्टिकोण अपनाया है और उन्होंने इस प्रयोजनार्थ व्यय के लिए आधार वर्ष के रूप में 2012-13 का पुनः मूल्यांकन किया है और 2012-13 के वास्तविक व्यय की तुलना में 2004-05 से 2012-13 के दौरान देखी गई व्यय की बढ़ती दर की प्रवृति को लागू करके 2013-14 और 2014-15 के व्यय का अनुमान लगाया	स्वीकृत	-

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
		(एनसीए), पिछड़ा क्षेत्र अनुदान (बीआरजीएफ) योजना (राज्य घटक), बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं (ईएपी) हेतु अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता, विशेष केन्द्रीय सहायता (एससीए), विशेष योजना सहायता (एसपीए) आदि आते हैं। संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत इसकी पंचाट अवधि के लिए गैर-योजनागत अवधि के लिए गैर-योजनागत अनुदान प्रदान किया जाता है जैसा कि वित्त आयोग द्वारा सिफारिश की गई है तथा वे प्रभारित व्यय हैं। यह गैर-योजनागत अनुदान गैर-योजनागत राजस्व घाटा, प्रारंभिक शिक्षा, पर्यावरण, बेहतर नतीजों, सड़कों तथा पुलों का अनुरक्षण, स्थानीय निकाय, आपदा राहत तथा राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए हैं। तथापि, समिति यह नोट करती है कि उपरोक्त सामान्य केन्द्रीय सहायता (एनसीए) अब तक गडगिल-मुखर्जी फार्मूला के अंतर्गत एक मुक्त सहायता के रूप में राज्यों को पूर्ववर्ती योजना आयोग द्वारा किए गए आबंटन के अनुसार प्रदान की गई थी तथा वर्ष 2014-15 में जिसका बजट अनुमान 28,514 करोड़ रुपए था। समिति अब यह जानकर आश्चर्यचकित है कि वर्तमान बजट में, एनसीए के अंतर्गत कोई आबंटन नहीं किया गया है। मंत्रालय के अनुसार, चौदहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार करों के मुक्त अंतरण के उच्च हस्तांतरण से "एनसीए के अंतर्गत कोई आबंटन नहीं, का प्रयोजन सिद्ध किया जाएगा। वास्तव में, समिति नोट करती है कि राज्यों को सभी मुक्त ब्लॉक अनुदानों का "करों के उच्चतर अंतरण" में समावेशन कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप कई योजनाएं बंद हो गई हैं जैसे कि पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम (एचएडीपी) के लिए एससीए, पश्चिमी घाट विकास कार्यक्रम	है। 14वें वित्त आयोग ने यही प्रक्रिया सभी राज्यों पर समान रूप से लागू की है। इस प्रकार, यह देखा गया है कि 14वें वित्त आयोग ने राज्यों के राजस्व एवं व्यय का मूल्यांकन करते समय सभी राज्यों की व्यय आवश्यकताओं को ध्यान में रखा है जिससे यह ज्ञात होता है कि केन्द्रीय करों में राज्यों के हिस्से का निर्धारण करते समय इसे ध्यान में रखा गया है। इसके अतिरिक्त, 14वें वित्त आयोग द्वारा व्यय आवश्यकताओं और राजस्व का मूल्यांकन करते समय, लागत असमर्थताओं सहित राजकोषीय क्षमता एवं व्यय आवश्यकता के संबंध में राज्यों के बीच भिन्नता को भी ध्यान में रखा गया है। 14वें वित्त आयोग की रिपोर्ट का पैरा 7.12 इस प्रकार हैः *"राज्यों के व्ययों और राजस्वों का मूल्यांकन वास्तविक एवं मापदंडीय व्यय जरूरतों के आधार पर किया गया है। व्यय जरूरतों का मूल्यांकन करते समय, हमने राजकोषीय क्षमता और व्यय की जरूरतों के साथ लागत असमर्थताओं के संबंध में राज्यों के बीच भिन्नता को ध्यान में रखा है।"* चूंकि योजनागत एवं गैर-योजनागत सहित राज्यों की राजस्व व्यय आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया गया है और विभाज्य पूल में हिस्से का निर्धारण करते समय 14वें वित्त आयोग ने इसे ध्यान में रखा है, सामान्य केन्द्रीय सहायता, विशेष केन्द्रीय सहायता अथवा विशेष योजना सहायता के रूप में अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता, उच्चतर कर अंतरण जिसे 32% से बढ़ा कर 42% कर दिया गया है, में सम्मिलित हो गई है। नीति आयोग के परामर्श से अब भारत सरकार ने प्रतिबद्ध देयताओं एवं आवश्यकता आधारित कार्यक्रमों के रूप में मांग सं. 37 के तहत ब. प्रा. 2015-16 में प्रदान की गई विशेष सहायता का आबंटन अनुमोदित किया है जिसमें बीआरजीएफ-राज्य घटक (ओडिशा के कालाहांडी-बोलंगीर-कोरापुट जिले, बिहार के लिए विशेष योजना, पश्चिम बंगाल के लिए विशेष योजना, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लिए बुंदेलखंड पैकेज सहित) उत्तराखंड मध्यम एवं दीर्घावधि पुनर्निर्माण पैकेज 2013 और जम्मू और कश्मीर के लिए पीएमआरपी 2004 एवं बाढ़ पुनर्वास योजना 2014 के लिए 4950 करोड़ रुपए की प्रतिबद्ध एवं आवश्यकता आधारित देयताएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अनुमोदित सहायता का एक घटक		

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
		(डब्ल्यूजीडीपी), पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (बीआरजीएफ), वामपंथी चरमपंथी प्रभावित जिलों के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (एलडब्ल्यूई के लिए एसीई), ब्लॉक अनुदानों के अंतर्गत केवल बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए एसीए के अंतर्गत सहायता जारी है। समिति का यह मत है कि इस प्रकार की विशिष्ट योजनाएं जो पिछड़े तथा अविकसित क्षेत्रों/ऐसे अंचलों, जहां बेहद गरीबी है, में जीवन स्तर के उत्थान के विशिष्ट प्रयोजन/ लक्ष्य से बनाई गई थीं, का इस प्रकार का समावेशन उचित नहीं है। इसलिए, इस प्रकार के क्षेत्रों में जो सामाजिक-आर्थिक सूचकांक में काफी पीछे हैं तथा जो वामदल चरमपंथी प्रभावित जिलों के मामले में असामान्य चुनौतियों का सामना भी कर रहे है, सामाजिक तथा आर्थिक विकास लाने के लिए केन्द्रीय बजटीय सहायता तथा एससीए के सहारे की अभी भी आवश्यकता है।	'संविधान की छठी अनुसूची में सम्मिलित क्षेत्रों के लिए एक बारगी सहायता' हेतु 1000 करोड़ रु. है जिसका ऐसे क्षेत्रों को अन्य क्षेत्रों के बराबर लाने के लिए अनुच्छेद 275 (1) के परन्तुक के तहत सम्मिलित क्षेत्रों के विकास के लिए प्रस्ताव किया गया है जिन्हें 14वें वित्त आयोग के सोच-विचार से अलग रखा गया है। इसके अतिरिक्त, अंतरण फार्मूला में शामिल किए जाने अथवा अनुदानों के निर्धारण में अंतर-राज्यीय गैर-बराबरी रखे जाने के राज्यों के अनुरोध पर 14वें वित्त आयोग का मत है कि अंतर-राज्यीय गैर-बराबरी राज्यों के नीतिगत अधिकार क्षेत्र में है और कर अंतरण के माध्यम से उपयुक्त संसाधनों का प्रावधान किए जाने से उन्हें अंतर-राज्यीय गैर-बराबरी का कारगर हल निकालने में सहायता मिलनी चाहिए। केन्द्र सरकार ने भी, अपनी एटीआर में राज्यों के हिस्से को बढ़ाकर 42% किए जाने की 14वें वित्त आयोग की सिफारिश स्वीकार करते हुए कहा है कि उच्चतर कर अंतरण से राज्यों को अपनी जरूरतों तथा आवश्यकताओं के अनुसार स्कीमों के वित्तपोषण तथा उन्हें तैयार करने में अधिकाधिक स्वायत्तता मिलेगी और आशा है कि राज्य, उत्पादक पूंजी का सृजन करने के लिए उपलब्ध अतिरिक्त राजकोषीय गुंजाइश का उपयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त, यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि 42% की दर से केन्द्रीय करों के उच्चतर अंतरण के पश्चात् राज्यों को ब्लॉक अनुदानों के रूप में सहायता जारी रखने के लिए केन्द्र सरकार के पास पर्याप्त राजकोषीय गुंजाइश नहीं बची है। विद्यमान पद्धति के अनुसार केंद्रीय प्रायोजित विभिन्न स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए धनराशि की कमी भी देखी गई है।		
5	05	इस संदर्भ में, समिति यह नोट करती है कि मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया है कि संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत अनुबद्ध क्षेत्रीय परिषद को निधि आबंटन करना पर्वतीय क्षेत्र तथा पश्चिमी घाटों के विकास के मुद्दे से अलग है, जिन्हें समाप्त अथवा समावेशित कर दिया गया है। समिति चाहती है कि सांविधिक आवश्यकताओं को देखते हुए, केन्द्र, राज्यों और क्षेत्रीय विकास परिषदों जैसे	14वें वित्त आयोग ने अपनी रिपोर्ट के पैरा 2.30 में अंतरण फार्मूला में अथवा अनुदानों के निर्धारण में एक कारक के तौर पर अंतर-राज्य विसंगता बरतने के राज्यों के अनुरोध पर यह दृष्टिकोण अपनाया है कि अंतर-राज्य विसंगता राज्यों के नीतिगत अधिकार-क्षेत्र में है और करों के अंतरण के जरिए संसाधनों के पर्याप्त प्रावधान से वे अंतर-राज्य विषमताओं को एक प्रभावी रूप से दूर कर सकेंगे। चूंकि, योजना और गैर-योजना के साथ-साथ राज्यों के राजस्व व्यय आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया गया है और विभाज्य पूल में हिस्से का निर्धारण करते	स्वीकृत	-

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
		गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए) (जिसने 2011 से दार्जिलिंग गोरखा पर्वत परिषद को प्रतिस्थापित किया है), बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद, ओडिशा के कालाहांडी-बोलंगीर-कोरापुट (केबीके) क्षेत्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश हेतु बुंदेलखंड पैकेज आदि के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते में परिकल्पित संसाधनों का अंतरण सुरक्षित रखा जाए और एक पृथक व्यवस्था के रूप में जारी रहे, जिसे इन उपेक्षित क्षेत्रों/प्रदेशों में अत्यन्त गरीबी के उन्मूलन हेतु ब्लॉक अनुदान के तहत समावेशित नहीं किया गया है। तदनुसार बजट में यह स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट होनी चाहिए। इसलिए समिति एक बार पुनः इस बात पर बल देती है कि योजना आबंटन के रूप में राज्यों को निधियों के अंतरण के विशिष्ट तंत्र को जो समय के साथ विकसित हुआ है को सुरक्षित रखा जाना चाहिए तथा इसे वित्त आयोग पंचाट के अंतर्गत अंतरण से अलग रखा जाना चाहिए, जो अपनी प्रकृति के अनुसार निधि आबंटन/संसाधन अंतरण में पुनः वितरण के पहलू का समाधान नहीं कर सकता है। इस संबंध में, समिति यह चाहती है कि राज्यों के पिछड़ापन (राज्यों का समग्र विकास सूचकांक बनाने संबंधी समिति) संबंधी रघुराम राजन की सिफारिशों पर विचार किया जाए और उन्हें उपयुक्त रूप से कार्यान्वित किया जाए।	समय 14वें वित्त आयोग ने इसे ध्यान में रखा है, एनसीए,एससीए,एसपीए आदि के रूप में अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता, उस कर अंतरण में समाहित हो गई है जिसे 32% से बढ़ा कर 42% कर दिया गया है,। तथापि संघ सरकार को केन्द्र, राज्य और गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जिसने 2011 से दार्जिलिंग गोरखा पर्वतीय परिषद का स्थान लिया है), बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद, ओडिशा के कालाहांडी-बोलंगीर-कोरापुट क्षेत्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के लिए बुंदेलखंड पैकेज आदि जैसी क्षेत्रीय विकास परिषदों के बीच त्रिपक्षीय समझौतों में परिकल्पित संसाधनों का अंतरण बनाए रखा और एक अलग समझौते के रूप में जारी रखा जाना चाहिए, भारत सरकार ऐसी विशिष्ट स्कीमों/परियोजनाओं के प्रति सजग है जो कुछ योजना स्कीमों के बंद हो जाने के कारण पिछड़ सकती हैं। अतः 2015-16 (ब. प्रा.) के दौरान वित्त मंत्रालय की मांग संख्या 37 के तहत प्रदान की गई विशेष सहायता के लिए 19,700 करोड़ रु. का कुल आबंटन अनुमोदित किया गया है। इसमें बीआरजीएफ-राज्य घटक (ओडिशा के कालाहांडी-बोलंगीर-कोरापुट जिले, बिहार के लिए विशेष योजना, पश्चिम बंगाल के लिए विशेष योजना, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लिए बुंदेलखंड पैकेज सहित) उत्तराखंड मध्यम एवं दीर्घावधि पुनर्निर्माण पैकेज 2013 और जम्मू और कश्मीर के लिए पीएमआरपी 2004 एवं बाढ़ पुनर्वास योजना 2014 के लिए 4,950 करोड़ रुपए की प्रतिबद्ध देयताएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अनुमोदित सहायता का एक घटक 'संविधान की छठी अनुसूची में सम्मिलित क्षेत्रों के लिए एक बारगी सहायता' हेतु 1,000 करोड़ रु. है जिसका ऐसे क्षेत्रों को अन्य क्षेत्रों के बराबर लाने के लिए अनुच्छेद 275 (1) के परन्तुक के तहत सम्मिलित क्षेत्रों के विकास के लिए प्रस्ताव किया गया है जिन्हें 14वें वित्त आयोग के सोच-विचार से अलग रखा गया है। इस प्रकार, पिछड़े तथा अल्प विकसित क्षेत्रों में जीवन स्तर ऊपर उठाने के विशेष प्रयोजन से तैयार की गई स्कीमें एक-मुश्त सहायता प्रदान करके वर्ष 2015-16 में भी जारी रखी गई हैं। इसके अतिरिक्त, चौदहवें वित्त आयोग द्वारा संस्तुत 42% की दर से राज्यों को करों के उच्चतर अंतरण से राज्यों को अंतर-राज्यीय विकास अंतर को पूरा करने एवं गरीबी उन्मूलन की अपेक्षाओं के साथ-		

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
			साथ स्थानीय जरूरतों एवं आकांक्षाओं के अनुकूल स्कीमें/ कार्यक्रम तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए पर्याप्त लचीलापन मिलेगा। राज्य सरकारों से नीति आयोग के माध्यम से परियोजना-वार प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है। नीति आयोग उन परियोजनाओं की जांच और सिफारिश करेगा जिनके लिए धनराशि जारी की जानी है। यह धनराशि, सामान्य वित्तीय नियमावली (जीएफआर) के नियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार शर्तों को पूरा करने वाले विभिन्न राज्यों को जारी की जानी है।		
6	06	समिति को यह सूचित किया गया है कि चौदहवें वित्त आयोग ने केन्द्रीय विभाजन योग्य पूल में राज्यों के हिस्से को बढ़ाकर 32% से 42% कर दिया है, जिसे सीधे कर अंतरण (वर्टिकल टैक्स डिवॉल्यूशन) में अभी तक की सबसे बड़ी बढ़ोत्तरी कहा गया है। यह बताया गया है कि केवल वर्ष 2015-16 के दौरान वर्ष 2014-15 की तुलना में राज्यों को अंतरण में लगभग 2.1 लाख करोड़ की बढ़ोत्तरी (टैक्स अंतरण तथा अनुदान दोनों से) का अनुमान है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, सभी राज्यों को निधियों के इस अंतरण से वास्तव में लाभ होता है तथा इसलिए वे बढ़े हुए अंतरण से विभिन्न परियोजनाओं तथा कार्यक्रमों को सहायता प्रदान कर सकते हैं। समिति का यह मानना है कि अंतर-राज्यीय असमानता तथा अंतर-राज्यीय विसंगतियों का जिसमें असमान संसाधन-आधार तथा विकास शामिल हैं, का समाधान चालू वर्ष के बजट में संसाधन अंतरण की विधि से नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार, प्रथम दृष्ट्या, संबंधित राज्यों द्वारा निधियों की उपयोगिता अपनी प्राथमिकताओं तथा अपनाने की क्षमता पर आधारित होती है न कि इन अनुदानों के लिए निर्धारित विशिष्ट प्रयोजनाओं पर। इससे स्वतः यह शंका उत्पन्न होती है कि अब	चौदहवें वित्त आयोग ने केन्द्रीय विभाज्य पूल में राज्यों का हिस्सा वर्तमान 32% से बढ़ाकर 42% कर दिया है, जो प्रत्यक्ष कर अंतरण में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। चौदहवें वित्त आयोग ने राज्यों के बीच विभाज्य पूल में राज्यों के हिस्से के वितरण के लिए एक नए क्षैतिज फार्मूले का भी प्रस्ताव किया है। तेरहवें वित्त आयोग के अनुरूप, चौदहवें वित्त आयोग ने दो नए परिवर्तनशील कारक सम्मिलित किए हैं: 2011 की जनसंख्या और वन क्षेत्र। चौदहवें वित्त आयोग के अंतरण से कुल मिलाकर सभी राज्यों को लाभ होगा। कुछ राज्यों को विभाज्य पूल में वृद्धि से लाभ होगा जबकि विशाल वन क्षेत्र वाले कुछ राज्यों को अंतरण फार्मूला में वन क्षेत्र को सम्मिलित किए जाने के कारण अधिक कर अंतरण प्राप्त होने की संभावना है। राज्यों के हिस्से का निर्धारण करते समय चौदहवें वित्त आयोग द्वारा असमान संसाधन आधार और विकास सहित अंतर-राज्यीय असमानता के साथ-साथ अंतर-राज्यीय विषमता के कारण राज्यों की आवश्यकता को ध्यान में रखा गया है। अधिक अंतरण के परिणामस्वरूप केन्द्र की वित्तीय गुंजाइश कम हो गई है। राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विशिष्ट हस्तक्षेप करने के लिए बजट प्राक्कलन 2015-16 में एसएसए, मनरेगा, सड़क क्षेत्र, जनजातीय उपयोजना आदि जैसी अधिकार आधारित/उपकर समर्थित स्कीमों के तहत आबंटन को लगभग पिछले वर्ष के स्तर पर ही रखते हुए राज्य योजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता 2014-15 (सं.प्रा.) में 2.56 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 1.80 लाख करोड़ रुपए रखी गई है।	स्वीकृत	-

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
		पिछड़े क्षेत्रों में सामाजिक आर्थिक मानदंडों के संबंध में इच्छित परिणाम नहीं प्राप्त हो पाएंगे, जो कि केंद्रीय अनुदान प्राप्त कर सकता है। इसलिए समिति वित्त मंत्रालय से यह अपेक्षा करती है कि इन शंकाओं का समुचित समाधान करे।	केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों, जो राष्ट्रीय विकास कार्यसूची का हिस्सा हैं, के तहत 17 प्रमुख स्कीमों की सहभाजन पद्धति को केन्द्र एवं राज्यों के बीच (8 पूर्वोत्तर राज्यों और 3 हिमालयी राज्यों के लिए 90:10) 60:40 की सहभाजन पद्धति के साथ कायम रखा है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, भिन्न रूप से सक्षम व्यक्तियों, अल्प संख्यकों, पिछड़े वर्गों और कमजोर समूहों के विकास की स्कीमों नामतः मनरेगा, एनएसएपी, व्यापक कार्यक्रमों की वित्तपोषण पद्धति अपरिवर्तित रहेगी। सभी अन्य स्कीमें राज्य सरकारों के लिए वैकल्पिक होंगी और उनकी वित्त सहभाजन पद्धति केन्द्र एवं राज्यों के बीच (8 पूर्वोत्तर राज्यों और 3 हिमालयी राज्यों के लिए 80:20) 50:50 होगी। इस प्रकार, केन्द्र सरकार ने सामाजिक -आर्थिक मानदंडों के संबंध में वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए कतिपय प्रमुख कार्यक्रमों की आवश्यकता और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं एवं उपेक्षित क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए स्कीमों को कायम रखा है। राज्यों की लम्बे समय से यह मांग रही है कि "एक आकार सभी के लिए उपयुक्त" का दृष्टिकोण छोड़ा जाए और केन्द्र द्वारा प्रायोजित विभिन्न स्कीमों के तहत स्कीम आधारित आबंटन प्राप्त करने के बजाय उनकी जरूरतों एवं अपेक्षाओं के अनुसार उनकी योजनाएं तैयार की जाएं। अधिक कर अंतरण के जरिए असंबद्ध निधि के रूप में राज्यों को अधिक संसाधनों के अंतरण से राज्य जिनमें जनता की जरूरतों और आकांक्षाओं के अनुसार उपेक्षित क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक मापदण्डों पर वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिभा के अनुसार स्कीमें या कार्यक्रम बना सकेंगे और लागू कर सकेंगे।		
7	07	एक और प्रासंगिक मुद्दा, जिसने समिति का ध्यान आकर्षित किया है, भारतीय लोक लेखा में निधियों के अंतरण से संबंधित है, जिसमें कार्पस निधि में उपलब्ध शेष राशि वित्तीय वर्ष के समापन पर व्यपगत नहीं होती है। इस संबंध में, समिति यह नोट करती है कि संविधान के अनुच्छेद 266(2) के अनुसार, लोक लेखा में पावतियों तथा इसमें से संवितरण संसद द्वारा अनुमोदन का विषय नहीं हैं।	भारत के लोक लेखा में रखी गई और काम में लाई अधिकतर निधियो संसद द्वारा पारित अधिनियमों में किए गए उपबंधों पर आधारित होती है। इस प्रकार लोक लेखा के जरिए निधि के प्रचालन का टाला नहीं जा सकता। इसके अलावा उपकर, कर अंशदान, आदि के रूप में समर्पित प्राप्तियों को उन्हीं प्रयोजनों के लिए रखा जाता है जिसके लिए उन्हें संग्रहीत तथा एकत्रित किया जाता है। ये सरकार की सामान्य स्कीमों पर खर्च किए जाने के लिए साधारणतया उपलब्ध नहीं होती हैं। यह उल्लेखनीय है कि गैर-व्यपगतनीयता का संरक्षण करने के प्रयोजन से निधियों का उपयोग नहीं किया जाता है। ऐसी निधियों से	स्वीकृत	

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
		मंत्रालय के विवरण के अनुसार लोक लेखा के अंतर्गत निधियां सामान्यतः चुंगी, प्रशुल्क, वार्षिक अंशदान, शुल्क आदि के रूप में समर्पित प्राप्तियों के साथ निधियों के प्रवाह को विनियमित करने के लिए सृजित की जाती हैं और लाभ को संविधि या नियमों में यथा निर्धारित विनिर्दिष्ट उद्देश्य के लिए निर्धारित किया जाता है। इस प्रकार, निधियां जैसे कि केंद्रीय सड़क निधि, राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि, राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा निधि, गारंटी मोचन निधि आदि को विनिर्दिष्ट प्राप्तियों द्वारा सहयोग दिया जाता है अथवा सरकार से वार्षिक अंशदान के द्वारा प्रारंभ किया जाता है। मंत्रालय ने समिति की इस आशंका का निराकरण कर दिया है। चूंकि इन विधियों की राशि का उपयोग सरकारी योजनाओं/ कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए किया जाता है, इसलिए ये संसदीय संवीक्षा के अधीन हैं और यह कि इन निधियों से किया गया व्यय भारत की समेकित निधि के माध्यम से किया जाता है, जिसके लिए अनुदानों की मांगों और विनियोजन विधेयक के माध्यम से विनयोजन मांगा जाता है। समिति नोट करती है कि लोक लेखा में निधियों की अव्यपगतता वस्तुतः सरकार को विशेष लाभ देती है, क्योंकि प्रतिवर्ष बजट अनुमान के माध्यम से नए मूल्यांकन के साथ-साथ व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। तथापि, सर्वप्रथम जिस तर्क के साथ संविधान में लोक लेखा की व्यवस्था की गई है उसका अनुपालन किया जाए और केवल गैर-व्यपगतता को बचाने के लिए इस लेखा में बिना सोचे समझे निधियों के हस्तांतरण का सहारा नहीं लिया जाए, क्योंकि इससे जबरदस्ती संसदीय संवीक्षा में फंसने की संभावना और बजटीय प्रक्रियाओं की भूल-चुक हो सकती है।	वित्तपोषित सभी स्कीमें स्थायी स्वरूप की स्कीमें होती हैं और वित्तीय नियमों में दी गई मानक प्रक्रिया के अनुसार इन स्कीमों का कार्यान्वयन शुरू करने के पहले सक्षम प्राधिकारियों द्वारा मूल्यांकन, अनुमोदन और उन पर वित्तीय परिव्ययों का निर्णय किया जाता है। बजट कवायद के भाग के रूप में सुस्पष्ट राजकोषीय प्रबंध कवायद पर विचार करते समय, भारत के लोक लेखा में प्रयोग न की गई निधियों को रखने के लिए थोड़ी गुंजाइश छोड़ते हुए, निधियों को कार्यान्वयन करने वाले अभिकरणों को केवल एक वित्त वर्ष में खर्च/ उपयोग की जा सकने वाली क्षमता तक उपलब्ध कराया जाता है। भारत के लोक लेखा में आरक्षित निधियों/संचित निधियों से खर्च की गई धनराशि को भी भारत की संचित निधि के माध्यम से दिया जाता है ताकि वे संसद की जांच और अनुमोदन के अध्यधीन बनी रहें।		

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
8	08	समिति नोट करती है कि बजट अनुमान 2015-16 में फसल ऋण हेतु ब्याज सहायता के लिए 13,000 करोड़ रुपए की धनराशि आबंटित की गई है। तथापि, मंत्रालय ने अपने साक्ष्योपरांत उत्तर में बताया है कि वर्ष 2014-15 हेतु ब्याज सहायता के वित्तीय प्रभाव के आकलन के अनुसार, वर्ष 2013-14 में 15,649 करोड़ रुपए की तुलना में फसल कटाई के पश्चात् भंडारण सहित कुल सहायता 18,904 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। उन्होंने यह भी बताया है कि फसल प्रतिमान के मौसमी स्वरूप के कारण, एक वित्तीय वर्ष में दिए गए अल्पावधिक फसल ऋणों हेतु सहायता दावे उत्तरोत्तर वित्तीय वर्षों में बढ़ते जाते हैं। तदनुसार, 2015-16 हेतु बजट प्रावधान को वर्ष 2012 से 2014 की अवधि के दौरान किए गए दावों के साथ-साथ 2015-16 के दौरान यदि कोई दावे किए गए हैं तो इनकी प्रतिपूर्ति के लिए उपयोग किया जाएगा। जब समिति ने इस शीर्ष के अंतर्गत कम उपयोग की सीमा का उल्लेख किया, विशेषकर तब जब बेमौसम वर्षा के कहर से मध्य और उत्तर भारत में फसलों को व्यापक क्षति पहुंची है, मंत्रालय ने यह स्वीकार किया कि इस शीर्ष के अंतर्गत लगभग 15,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त प्रावधान की आवश्यकता होगी, जो वास्तव में प्राप्त किए गए दावों पर निर्भर करेगा। अतः समिति मंत्रालय से आग्रह करती है कि इस शीर्ष के अंतर्गत पर्याप्त अतिरिक्त आबंटन किए जाएं जिससे कि प्रकृति के प्रकोप के सामने किसानों की समुचित रूप से सुरक्षा की जा सके विशेष रूप से तब जबकि इस वर्ष प्रकृति कृषक समुदाय के प्रति बहुत कठोर रही है।	ब्याज सहायता योजना 2015-16 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 21.07.2015 को अनुमोदित किया गया था और इसे सरकार द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इस योजना में, अन्य बातों के साथ-साथ, यह उपबंध भी शामिल है कि प्राकृतिक आपदाओं के घटित होने पर किसानों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से बैंकों को पुनर्संरचित राशि पर प्रथम वर्ष के लिए 2% की ब्याज सहायता जारी रहेगी। इसके अलावा, छोटे तथा सीमांत किसानों को दिए जाने वाले लक्षित उधार में सुधार लाने के लिए व्यवहार्य उपायों/विकल्पों का सुझाव देने तथा ब्याज सहायता योजना के अंतर्गत उपलब्ध सीमित बजटीय संसाधनों का ईष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मंत्रिमंडल के अनुमोदन से कृषि मंत्रालय के तत्वावधान के तहत एक समिति गठित की गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान, अभी तक वर्ष 2015-16 के लिए 13,000 करोड़ रुपए के बजटीय आवंटन में से पिछले वर्षों के संबंध में बैंकों के ब्याज सहायता दावों के निपटान के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)/राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को कुल 12,405.16 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इसके अलावा, ब्याज सहायता योजना के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2015-16 के संशोधित अनुमान में 5,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि का प्रस्ताव किया गया है, इससे वर्तमान वर्ष में कुल प्रस्तावित आवंटन 18,000 करोड़ रुपए हो गया है। इसके अलावा, ब्याज सहायता योजना के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2016-17 के बजट अनुमान के अंतर्गत 20,000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है।	बजट प्रभाग द्वारा अनुपूरक अनुदान को अंतिम रूप देते समय इस संबंध में निर्णय लिया जाना है।	छोटे तथा सीमांत किसानों को दिए जाने वाले लक्षित उधार में सुधार लाने के लिए व्यवहार्य उपायों/ विकल्पों का सुझाव देने तथा ब्याज सहायता योजना के अंतर्गत उपलब्ध सीमित बजटीय संसाधनों का ईष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मंत्रिमंडल के अनुमोदन से कृषि मंत्रालय के तत्वावधान में एक समिति गठित की गई है।

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
					सरकार वर्ष 2016-17 की योजना के संबंध में उक्त समिति की सिफारिशों पर विचार कर सकती है।
9	09	इस संदर्भ में, समिति लाचार किसानों के लिए उपलब्ध नितांत रूप से अपर्याप्त फसल बीमा प्रणाली की अंतर्निहित समस्याओं पर भी प्रकाश डालना चाहती है। विद्यमान मौसम और फसल आधारित प्रणाली केवल क्षेत्र को शामिल करती है किसी व्यक्ति को इकाई के रूप में नहीं। ऐसा प्रतीत होता है कि यह दृष्टिकोण वास्तविक रूप में जिस प्रकार फसलों की क्षति होती है उसे नहीं दर्शाता और न ही इसका समाधान करता है। समिति महसूस करती है कि यदि फसल बीमा उत्पादों को जोखिमों के दायरे को शामिल करने के साथ-साथ प्रत्येक किसान तक पहुंच बनाने के लिए तैयार किया जाए, इससे अपरिहार्य रूप से बीमा प्रीमियम बढ़ जाएगा, फसल बीमा को व्यवहार्य प्रस्ताव बनाते हुए समुचित रूप से विभाजित करना होगा और इस पर राजसहायता देनी होगी। यह भी आवश्यक है कि बड़ी संख्या में देश के छोटे और सीमांत किसान, जो वित्तीय रूप से बहिष्कृत हैं, इनको बीमा क्षेत्र के अंतर्गत लाया जाए, जिससे निस्संदेह सभी संबंधित लोगों के लिए लागत कम होगी। ऐसे व्यापक बीमा कवरेज को सूक्ष्म-वित्त और स्वसहायता समूहों (एसएचजी) के नेटवर्क	भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) ने किसानों तथा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं: • इरडाई ने सूक्ष्म बीमा विनियम तैयार किया है, जिनमें बीमा उत्पादों को वितरित करने के लिए प्लेटफार्म, कवर करने के निर्धारित स्तर, प्रीमियम तथा लाभ मानकों की व्यवस्था की गई है, जो ग्रामीण तथा शहरी गरीबों के लिए वहनीय है। इन विनियमों में सूक्ष्म बीमा उत्पादों के विपणन में बीमा कंपनियों के एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), आरबीआई द्वारा विनियमित एनबीएफसी, प्राथमिक कृषि सोसाइटियों, शहरी सहकारी बैंकों, स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) आदि को अनुमति दी गई है। ये सूक्ष्म बीमा एजेंट सूक्ष्म फसल बीमा उत्पादों को वितरित करने के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया के साथ भी कार्य कर सकते हैं। इन नए वितरण चैनलों से निश्चित रूप से जनसंख्या के गरीब तथा वंचित वर्ग, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक पहुँचने में मदद मिलेगी। • बीमा कंपनियों को कम प्रीमियम तथा कम कवरेज वाले उत्पाद तैयार करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे कम आय वाले लोगों, जो पारंपरिक प्लान का वहन नहीं कर सकते अथवा वहां तक उनकी पहुँच नहीं है, की बीमा आवश्यकता को पूरा करने में सहायता मिलेगी। इस समय हमारे अभिलेख के	अस्वीकृत	कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग ने भारतीय कृषि बीमा योजना (बीकेबीवाई) के संबंध में मंत्रिमंडल टिप्पणी और किसनों को समाजिक सुरक्षा के अलावा वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रायोगिक एकीकृत बीमा योजना पैकेज

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
		को सामाजिक सुरक्षा सहित पूर्णतया वित्तीय संरक्षण प्रदान करने के लिए एक उपयुक्त त्रुटि रहित तंत्र/योजना की व्यवस्था की जाए।	अनुसार, एआईसीआईएल और अन्य साधारण बीमा कंपनियों द्वारा 50 फसल बीमा उत्पादों का विपणन किया जा रहा है। • इरडाई ने आईआरडीएआई (ग्रामीण तथा सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं का दायित्व, 2002) के द्वारा विनियामकीय संरचना तैयार की है ताकि देश में बीमा कवरेज का संतुलित तथा त्वरित विस्तार सुनिश्चित हो। हाल ही में, इरडाई ने बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 की धारा 32ख में किए गए संशोधनों के अनुसरण में एक प्रारूप विनियम - आईआरडीएआई (ग्रामीण तथा सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं का दायित्व) विनियम, 2015 तैयार किया है। इन विनियमों में बीमाकर्ताओं पर ग्रामीण तथा जनसंख्या के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को कवर करने के लिए बीमा उपलब्ध कराने का दायित्व अधिरोपित किया गया है। इस विनियम में बीमाकर्ताओं को निश्चित प्रतिशतता में पॉलिसियां बेचने और जीवन तथा गैर-जीवन बीमा कंपनियों के संबंध में निर्दिष्ट सकल प्रीमियम की प्रतिशतता की हामीदारी का उल्लेख करने का अधिदेश दिया गया है। उपर्युक्त उपबंध का पालन न करने के लिए अधिनियम के अंतर्गत कठोर दण्ड भी निर्धारित किए गए हैं। • फसल बीमा दावों का त्वरित निपटान सुनिश्चित करने के लिए इरडाई रिमोट सेंसिंग प्रौद्योगिकी वाले सेटेलाइट का प्रयोग जोखिम का आंकलन करने तथा फसल क्षति संबंधी बीमा का निपटान करने के लिए प्रभावी तथा विश्वसनीय मैपिंग टूल के रूप में करने पर विचार कर रहा है। इरडाई ने इस संबंध में विभिन्न भागीदारों के साथ कई बैठकें की हैं। इस संबंध में पूरे देश में कृषि तथा ग्रामीण विकास से संबद्ध संस्थाओं द्वारा कई अनुसंधान अध्ययन तथा प्रयोग किए जा रहे हैं। प्रौद्योगिकी के प्रयोग से फसल क्षति का त्वरित आंकलन तथा निपटान निश्चित रूप से सुनिश्चित होगा। • फसल बीमा क्षेत्र में बीमा के कम विस्तार का मुख्य कारण बीमा उत्पादों तथा विभिन्न बीमा पॉलिसियों के बारे में जागरूकता का अभाव है। इरडाई, बीमा क्षेत्र विनियामक के रूप में बीमा शिक्षा को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है ताकि लोगों की वित्तीय जानकारी में सुधार हो सके।		(यूपीआईएस) तैयार किया है।

क्र.सं.	सिफारिश सं.	सिफारिश	सरकार द्वारा की गई कार्रवाई	सरकार द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत	अभ्युक्तियां (यदि कोई हो)
